पंजीकरण संख्या–यू०ए०/डी०ओ०/डी०डी०एन०/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–19] रुड़की, शनिवार, दिनांक 17 नवम्बर, 2018 ई0 (कार्तिक 26, 1940 शक सम्वत्) [संख्या–46

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	695–725	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	1149–1155	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़–पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	–	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़–पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

गृह अनुभाग–7

अधिसूचना

25 सितम्बर, 2018 ई0

संख्या 1212/XX-7/2018-01(67)/2016–श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम, 2007 (अधिनियम संख्या 1, वर्ष 2008) की धारा 87 द्वारा प्रदत्त शक्ति और इस निमित्त समस्त अन्य समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस निमित्त जारी किये गये सभी वर्तमान नियमों का अधिक्रमण करते हुए उत्तराखण्ड पुलिस बल के घुड़सवार पुलिस आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं उपनिरीक्षक के चयन, पदोन्नति, प्रशिक्षण, नियुक्ति, ज्येष्ठता निर्धारण व स्थायीकरण हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड घुड़सवार पुलिस सेवा नियमावली, 2018

भाग एक–सामान्य

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड घुड़सवार पुलिस सेवा नियमावली, 2018 है।
(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

सेवा की प्रास्थिति

2. उत्तराखण्ड घुड़सवार पुलिस अधीनस्थ सेवा एक ऐसी राज्य सेवा है, जिसमें समूह ''ग'' के पद सम्मिलित है।

परिभाषायें

3. जब तक कि बिषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हों, इस नियमावली में:–

(क) **''नियुक्ति प्राधिकारी''** से आरक्षी व मुख्य आरक्षी पुलिस घुड़सवार के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अभिप्रेत है तथा उपनिरीक्षक, घुड़सवार पुलिस के सम्बन्ध में पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक अभिप्रेत है,

(ख) **''संविधान''** से भारत का संविधान अभिप्रेत है,

(ग) **''भारत का नागरिक''** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो संविधान के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या समझा जाये।

(घ) **''राज्यपाल''** से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत हैं।

(ड.) **''सरकार''** से उत्तराखण्ड सरकार अभिप्रेत है।

(च) **''विभागाध्यक्ष''** से पुलिस महानिदेशक अभिप्रेत हैं।

(छ) **''सेवा का सदस्य''** से इस नियमावली या नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त आदेशों के अधीन सेवा के संवर्ग में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त कोई व्यक्ति अभिप्रेत है।

(ज) **''घुड़सवार पुलिस''** से उत्तराखण्ड घुड़सवार पुलिस बल की घुड़सवार पुलिस अभिप्रेत है।

(झ) **''पुलिस मुख्यालय''** से पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड का कार्यालय अभिप्रेत है।

(ट) **"सेवा"** से उत्तराखण्ड आरक्षी, मुख्य आरक्षी एवं उपनिरीक्षक, घुडसवार पुलिस सेवा अभिप्रेत है।

(ठ) **"मौलिक नियुक्ति"** से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हों तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक आदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई है।

(ड) **"भर्ती का वर्ष"** से किसी कैलेण्डर वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो–संवर्ग

सेवा का संवर्ग

4. (1) सेवा की सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा की वर्तमान सदस्य संख्या और उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या परिशिष्ट-1 के अनुसार होगी, जब तक कि उपनियम (1) के अधीन उसे परिवर्तित करने का आदेश पारित न हो।

परन्तु यह कि:–

(एक) उत्तराखण्ड शासन कुल स्वीकृत नियतन के अन्तर्गत विभिन्न इकाईयों के पदों की संख्या को पुनः अवधारित कर सकेगा।

(दो) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुए छोड़ सकेगा या राज्यपाल उसे प्रास्थगित रख सकेंगे, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(तीन) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकेंगे, जैसा वह उचित समझें।

भाग–तीन–भर्ती

भर्ती का स्रोत, अर्हताएं एवं योग्यताएं

5. सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी:–

(क) **आरक्षी घुड़सवार पुलिस:**– आरक्षी घुड़सवार पुलिस के शत–प्रतिशत पदों पर चयन पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त आरक्षियों में से विभागीय समिति के माध्यम से भरे जायेंगे, जो निम्न शर्तें पूर्ण करते हों:–

(1) पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुका हो एवं सेवा अभिलेख में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न हो।

(2) आरक्षी की अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक न हो।

(ख) मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिसः–

(1) मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के 50 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त आरक्षी घुडसवार पुलिस में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा प्रथम दिवस को परिवीक्षा अवधि में सम्मिलित करते हुए घुडसवार पुलिस में 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

(2) मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के 50 प्रतिशत पदों पर चयन मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे आरक्षी घुडसवार पुलिस में से जिनके द्वारा "एडवांस कोर्स चयन परीक्षा" उत्तीर्ण कर ली हो तथा घुडसवार पुलिस में 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

(ग) उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिसः–

(1) उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिस के 50 प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस में से अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा। प्रथम दिवस को परिवीक्षा अवधि में सम्मिलित करते हुए घुडसवार पुलिस में 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

(2) उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिस के 50 प्रतिशत पद परीक्षा के माध्यम से योग्यता के आधार पर पदोन्नति के माध्यम से ऐसे मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस में से भरे जायेगें, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को, इस रूप में परिवीक्षा अवधि सहित 05 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

<u>टिप्पणी</u>– अर्हकारी प्रकृति की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों पर ही उप निरीक्षक घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति के लिये विचार किया जायेगा।

भाग–चार– भर्ती की प्रक्रिया

आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर चयन हेतु अर्हताएं

6. **आरक्षी घुडसवार के पद पर चयन हेतु निम्नवत अर्हताएं पूर्ण करने वाले आरक्षियों को घुडसवार पुलिस में नियुक्त किये जाने हेतु चयन समिति के माध्यम से चयन किया जायेगाः–**

(क) आरक्षी, घुडसवार पुलिस में नियुक्त किये जाने का इच्छुक हो।

(ख) आरक्षी किसी प्रकार की बीमारी से ग्रसित न हो, जिसके लिए चयन के समय चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ग) आरक्षी पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुका हो एवं सेवा अभिलेख में कोई प्रतिकूल प्रविष्टि न हो।

(घ) आरक्षी की अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक न हो।

(ड.) चयनित आरक्षियों को विभाग द्वारा विहित प्रशिक्षण कराया जायेगा, परीक्षा में असफल आरक्षियों को उनके मूल इकाई में वापस भेज दिया जायेगा।

आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर चयन हेतु समिति

7. विभाग में आरक्षी घुडसवार पुलिस की रिक्तियों की पूर्ति पुलिस की विभिन्न शाखाओं में नियुक्त घुडसवार पुलिस में नियुक्ति के इच्छुक पात्र आरक्षियों के चयन से की जायेगी। चयन समिति का गठन निम्नवत किया होगाः–

(क) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक – अध्यक्ष।
(ख) अपर पुलिस अधीक्षक – सदस्य।
(ग) पुलिस उपाधीक्षक –सदस्य।

उपरोक्त में से कम से कम एक अधिकारी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछडे वर्ग का होगा।

उक्त चयन समिति चयनित अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय को अपनी संस्तुति सहित उपलब्ध करायेगी, जिस पर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा एवं उसके पश्चात् नियुक्ति पत्र निर्गत किये जायेंगे।

मुख्य आरक्षी, घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया

8. (1) **मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया**:– मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के स्वीकृत पदों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए शासनादेशों में निहित प्राविधानों के अनुसार ज्येष्ठता के आधार पर एवं 50 प्रतिशत पदोन्नति "एडवांसकोर्स चयन परीक्षा" उत्तीर्ण करने पर आरक्षी, घुडसवार पुलिस में से प्रोन्नत किये जायेंगे।

(I) निम्नलिखित पात्रता शर्ते पूर्ण करने वाले आरक्षी घुडसवार पुलिस एडवांस कोर्स के लिए विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगेः–

(क) **आयु**–भर्ती के वर्ष के प्रथम दिन 45 वर्ष से अधिक की आयु न हुई हो।

(ख) **अनुभव**–आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर भर्ती के वर्ष के पहले दिन को न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूरी कर चुका हो।

(ग) **सेवा अभिलेख**– विगत 05 वर्षो का सेवा अभिलेख सन्तोषजनक हो, अर्थात कोई प्रतिकूल वार्षिक मन्तव्य अंकित न हो, विगत 05 वर्षो में कभी सत्यनिष्ठा न रोकी गयी हो।

यदि दण्डित कर्मी द्वारा की गई अपील लम्बित हो अथवा अपील करने की अवधि व्यतीत न हुई हो अथवा किसी कर्मी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रचलित हो तो ऐसे कर्मियों को भी उक्त परीक्षा में सशर्त सम्मिलित किया जायेगा, लेकिन परीक्षा प्रक्रिया के मध्य ऐसे कर्मी की अपील निरस्त/अस्वीकृत हो जाती है अथवा विभागीय कार्यवाही में दण्डित होता है तो उसे उसी स्तर पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा, यदि अभ्यर्थी की अपील /विभागीय कार्यवाही परीक्षा प्रक्रिया के दौरान निस्तारित न हो पाये तो लम्बित अपील/विभागीय कार्यवाही के निर्णय की प्रत्याशा में उनका परीक्षा परिणाम लिफाफे में सीलबन्द कर दिया जायेगा।

विगत 05 वर्ष से पूर्व के 05 वर्ष के प्रत्येक वर्ष के प्रतिकूल वार्षिक मंतव्य पर 02 अंक की कटौती की जायेगी।

(II) **चयन समिति**– पात्र अभ्यर्थियों में से चयन हेतु लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित की जाने वाली चयन समिति द्वारा किया जायेगा। चयन समिति के अध्यक्ष/सदस्य निम्न पदाधिकारी होगेः–

(क) पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर का एक अधिकारी – अध्यक्ष

(ख) पुलिस अधीक्षक/सेनानायक स्तर के अधिकरी– सदस्य

(ग) अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी समिति की सहायतार्थ आवश्यकतानुसार नामित किये जायेगे।

उपरोक्त में से कम से कम एक अधिकारी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछडा वर्ग का होगा।

(III)**लिखित परीक्षाः**–लिखित परीक्षा एवं सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन की प्रक्रिया ऐसी होगी,जैसी **परिशिष्ट–2** में निर्धारित है।

(IV)**परीक्षाफल की घोषणाः**–लिखित परीक्षा, सेवा अभिलेख में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर तथा प्रचलित आरक्षण नियमों के अधीन अन्तिम योग्यता सूची चयन समिति द्वारा श्रेणीवार श्रेष्ठता सूची तैयार की जायेगी।

(V) **मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर प्रोन्नति, प्रशिक्षणः**– उपरोक्त विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण सभी कर्मियों को 03 माह का एडवांस कोर्स कराया जायेगा, जिसमें उनकी पारस्परिक ज्येष्ठता उनके द्वारा किये गये एडवांस प्रशिक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की जायेगी। समान अंक प्राप्त करने वाले आरक्षियों की पारस्परिक ज्येष्ठता का निर्धारण उनके आरक्षी पद पर सेवा अवधि के आधार पर की जायेगी।

(VI) **मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर चयनः**– मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर प्रादेशिक स्तर पर हुये रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति प्रदान की जायेगी।

(VII) वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति का आधार शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अनुपयुक्तों को छोड़कर वरिष्ठता होगा। वरिष्ठता का निर्धारण आरक्षी घुडसवार के पद पर नियुक्ति की तिथि से नियमानुसार निर्धारित होगी। पात्र आरक्षी, घुडसवार पुलिस को नियमानुसार 03 माह का प्रशिक्षण कराया जायेगा।

(2) उपनिरीक्षक, घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति की प्रक्रियाः–

(1) सेवा अवधिः–मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा होनी अनिवार्य है।

(2) आयु का निर्धारणः–घुडसवार पुलिस के उपनिरीक्षक की पंक्ति पर पदोन्नति के लिए भर्ती के वर्ष की पहली जनवरी को आयु अधिकतम 45 वर्ष से अधिक न हो।

उपरोक्त अर्हताएं पूर्ण करने वाले मुख्य आरक्षी घुडसवार पुलिस उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिस के पद पर चयन हेतु आयोजित प्रादेशिक योग्यता परीक्षा में बैठने के लिये अर्ह होंगे।

(3) **संख्या का निर्धारण एवं चयन समिति का गठनः**— प्रत्येक भर्ती वर्ष में उपनिरीक्षक की विद्यमान रिक्तियों व वर्ष के दौरान होने वाली सम्भावित रिक्तियों की गणना की जायेगी। विभागाध्यक्ष द्वारा नामित चयन समिति अनुवर्ती उपबन्धों के अधीन विभागीय परीक्षा आयोजित करेगी तथा पदोन्नति हेतु मुख्य आरक्षियों को अनुमोदित किया जायेगा। मुख्य आरक्षी घुडसवार से उपनिरीक्षक घुडसवार पुलिस के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय चयन समिति निम्न प्रकार गठित होगीः—

1—पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक —अध्यक्ष
2—वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक —सदस्य
3—सहायक पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपाधीक्षक —सदस्य

उपरोक्त में से कम से कम एक अधिकारी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछडा वर्ग का होगा।

(4) गठित चयन समिति लिखित, वाह्य परीक्षा आयोजित करायेगी तथा सेवाभिलेखों का मूल्यांकन करेगी। समिति इस हेतु किसी घुडसवारी की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ को भी शामिल कर सकेगी।

(5)**लिखित परीक्षाः**—लिखित परीक्षा एवं सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन की प्रक्रिया ऐसी होगी, जैसी **परिशिष्ट—3** में निर्धारित है।

(6) **परीक्षाफल की घोषणाः**—लिखित बाह्य परीक्षा, सेवा अभिलेख में प्राप्त अंको के योग के आधार पर श्रेष्ठता सूची (Merit List) तैयार की जायेगी तथा आरक्षित वर्गों के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय—समय पर निर्गत आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए चयन समिति द्वारा श्रेणीवार श्रेष्ठता सूचियों में से रिक्तियों के समतुल्य अभ्यर्थियों का चयन करते हुए परीक्षाफल पुलिस मुख्यालय के अनुमोदन के पश्चात् घोषित किया जायेगा।

(7) अंतिम परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर श्रेष्ठता क्रम में वरिष्ठता निर्धारित की जायेगी।

पदनाम सम्बन्धी उपबन्ध **9.** ऐसे प्रशिक्षित मुख्य आरक्षी जिन्होंने मौलिक पद (आरक्षी के पद की सेवा को मिलाकर) के संन्दर्भ में 16 वर्ष की नियमित सन्तोषजनक सेवा पूर्ण कर ली है और जिन्हें उप निरीक्षक के पद के समकक्ष वेतनमान स्वीकृत हो चुका है, को मुख्य आरक्षी (प्रोन्नत वेतनमान) का पदनाम दिया जायेगा। मुख्य आरक्षी (प्रोन्नत वेतनमान) के कार्यो का निर्धारण विभागाध्यक्ष द्वारा किया जाएगा एवं वे सहायक उप निरीक्षक (एम) की भांति वर्दी धारण करेंगे।

भाग– पांच

नियुक्ति,प्रशिक्षण,परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियुक्ति

10. नियम 8 के अन्तर्गत यदि किसी एक चयन के संबंध में नियुक्तियों के एक से अधिक आदेश जारी किये जायें, तो एक संयुक्त चयन सूची भी जारी की जायेगी, जिसमें व्यक्तियों के नामों का उल्लेख ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा जैसी, यथास्थिति, चयन में अवधारित की जाये या उस संवर्ग में हो जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाय।

परन्तु यह कि इस नियम के प्रयोजन हेतु नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में किसी पद पर नियुक्त और उक्त पद पर कार्यरत किसी व्यक्ति को इस नियमावली के अधीन मौलिक रूप में नियुक्त हुआ समझा जायेगा और ऐसी मौलिक नियुक्ति को इस नियमावली के अधीन की गयी नियुक्ति समझी जायेगी तथा जिस आरक्षी का एक बार घुडसवार पुलिस में आबंटन हो जायेगा, उसे संवर्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

प्रशिक्षण

11. आरक्षी के पद पर नियम 7 के अधीन अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों से विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया गया प्रशिक्षण उत्तीर्ण करने की अपेक्षा की जायेगी। बेसिक प्रशिक्षण की अवधि में कैडेटों पर पी0टी0सी0 मैनुअल में निहित प्रावधान प्रभावी होंगे। बेसिक प्रशिक्षण हेतु अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों द्वारा यदि निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपना योगदान प्रशिक्षण हेतु नही दिया जाता है तो उसका चयन/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

परिवीक्षा

12. (1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(2) परिवीक्षा अवधि के दौरान परिवीक्षाधीन व्यक्ति से ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा की जाएगी जैसा कि विभागाध्यक्ष द्वारा विहित किया जाये।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जाएगे, अलग–अलग मामलो में परिवीक्षा अवधि को बढा सकेगा जिसमें ऐसी दिनांक विनिर्दिष्ट की जायेगी जब तक अवधि बढाई जाय: परन्तु आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढायी जायेगी।

(4) यदि परिवीक्षा अवधि या बढायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने बढायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी परिवीक्षाधीन द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त

उपयोग नहीं किया गया है या अन्यथा समाधान प्रदान करने में असफल रहा है तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकेगी।

(5)नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या स्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकेगा।

स्थायीकरण 13. (1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या बढाई गयी परिवीक्षा अवधि के अन्त में उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसके द्वारा विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया हो।

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक रहा हो: और

(ग) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की गयी हो।

(2) जहां उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नही है वहॉ उक्त नियमावली के नियम 5 के उपनियम(3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, को स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

ज्येष्ठता 14. **(1) आरक्षी घुडसवार के पद पर ज्येष्ठता का निर्धारण निम्नानुसार किया जायेगा:–**

(क) घुडसवार पुलिस में चयन के पश्चात् घुडसवार पुलिस के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से।

(ख) कार्यभार ग्रहण करने की तिथि एक समान होने पर आरक्षी के पद पर नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठ आरक्षी को वरिष्ठ मानते हुए वरिष्ठता का निर्धारण किया जायेगा।

(ग) आरक्षी के पद पर भर्ती तिथि समान होने पर जन्म तिथि के आधार पर वरिष्ठता का निर्धारण किया जायेगा।

(घ) किसी भी प्रकार के चयन से नियुक्त किये गये आरक्षी घुडसवार पुलिस कर्मियों की वरिष्ठता उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निर्धारित की जायेगी।

(2)पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त घुडसवार पुलिस कर्मियो की

ज्येष्ठता उनके चयन की तिथि से निर्धारित की जायेगी तथा पूर्ववर्ती वर्ष में चयनित कर्मी पश्चातवर्ती वर्ष में चयनित कर्मियों से ज्येष्ठ होंगे। अगर किसी पद के लिए प्रोन्नति, परीक्षा के माध्यम से है तो उनकी पारस्परिक ज्येष्ठता बोर्ड द्वारा प्रेषित अन्तिम चयन सूची के अनुसार होगी। अगर प्रोन्नति ज्येष्ठता के आधार पर है तो एक चयन तिथि में नियुक्त किये गये कर्मियों की पारस्परिक ज्येष्ठता उनके पोषक संवर्ग में वरिष्ठता के अनुरूप होगी। यहां चयन के दिनांक का तात्पर्य बोर्ड द्वारा भेजी गयी चयन सूची को विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किये जाने के दिनांक से है।

(3) उपरोक्त उपबन्धों में किसी बात के होते हुये भी अगर ज्येष्ठता के संबंध में कोई अन्य तथ्य प्रकाश में आते हैं अथवा कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका निवारण विभागाध्यक्ष द्वारा तर्कसंगत आदेश जारी कर किया जायेगा।

भाग–छः– वेतनमान

परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन 15. (1) परिवीक्षा के दौरान वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है, संगत मूल नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा:

परन्तु यह कि यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढाई जाती है, तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दें ऐसी बढाई गई अवधि वेतन वृद्धि के लिये नहीं गिनी जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो पहले से ही स्थाई सरकारी सेवा में है, राज्य के कार्यों से संबंधित सरकारी सेवकों पर लागू संगत नियमों द्वारा विनियमित किया जायेगा।

वेतनमान 16. (1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त कर्मियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय समय पर अवधारित किया जायेगा।

(2) सेवा के सदस्यों का वेतनमान इस नियमावली के प्रारम्भ के समय निम्न प्रकार है:–

क्र0सं0	पदों का विवरण	वेतनमान/वेतन लेवल
1	उपनिरीक्षक,घुडसवार पुलिस	वेतन लेवल–7 रू0 44900–142400
2	मुख्य आरक्षी,घुडसवार पुलिस	वेतन लेवल–4 रू0 25500–81100
3	आरक्षी, घुडसवार पुलिस	वेतन लेवल–3 रू0 21700–69100

उक्त के अतिरिक्त सेवा के सदस्य राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत भत्ते पाने के हकदार होंगे।

भाग–सात
अन्य उपबन्ध

पक्ष समर्थन **17.** सेवा या पद के संबंध में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिश से भिन्न किन्हीं अन्य सिफारिशों पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्ति के लिये अनर्ह कर देगा।

अन्य विषयों का विनियमन **18.** ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो इन नियमों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति,राज्य के कार्यों से संबंधित सेवारत सरकारी सेवकों पर साधारणतः लागू विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे।

सेवा शर्तों का शिथिलीकरण **19.** यदि राज्य सरकार का समाधान हो ताकि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशेष मामले में अनुचित कठिनाई हो सकती है तो वे इन मामलें में लागू नियमावली में किसी बात के होते हुए भी आदेश द्वारा इस सीमा तक तथा ऐसी शर्तों के अधीन इस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्त कर सकेगी या शिथिल कर सकेगी, जो वह मामले के संबंध में न्यायोचित तथा साम्यतापूर्वक कार्यवाही करने के लिये उचित समझे।

परिशिष्ट–1
नियम–4(2) देखें

पद का नाम	स्वीकृत नियतन
आरक्षी, घुड़सवार पुलिस	35
मुख्य आरक्षी, घुड़सवार पुलिस	16
उपनिरीक्षक, घुड़सवार पुलिस	03

परिशिष्ट–2
नियम–8(1)(III) देखें

(क) मुख्य आरक्षी, घुडसवार के पद पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा के विषय एवं अंकों का निर्धारण निम्नवत होगा:–

(1) सामान्य ज्ञान/सामान्य हिन्दी (25 प्रश्न) –50 अंक
(2) पुलिस प्रक्रिया (25 प्रश्न) –50 अंक
(3) अश्व पालन/अनुरक्षण से सम्बन्धित (100प्रश्न)–200 अंक

लिखित परीक्षा हेतु तीन भाग का एक ही वस्तुनिष्ठ(Objectivetype)प्रश्न पत्र तैयार किया जायेगा। प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान एवं सामान्य हिन्दी, द्वितीय भाग में पुलिस प्रक्रिया तथा तृतीय भाग में अश्व पालन/अनुरक्षण से सम्बन्धित होगा। कुल प्रश्नपत्र 300 अंकों का होगा तथा प्रश्नों की कुल संख्या 150 होगी। सभी प्रश्न अनिवार्य होगें। प्रत्येक सही प्रश्न के लिये 02 अंक निर्धारित होगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर आधा अंक काट लिया जायेगा। प्रश्न संख्या 1 से 25 तक सामान्य ज्ञान/सामान्य हिन्दी, प्रश्नसंख्या 26 से 50 तक पुलिस प्रक्रिया एवं प्रश्न संख्या 51 से 150 तक अश्व पालन/अनुरक्षण से सम्बन्धित होगे। प्रश्न–पत्र हल करने हेतु 02 घण्टे का समय निर्धारित होगा। सामान्य ज्ञान/सामान्य हिन्दी का प्रश्नपत्र हाई स्कूल स्तर का होगा तथा पुलिस प्रक्रिया के प्रश्नों का स्तर वह होगा जो सामान्य रूप से किसी पुलिस कर्मी द्वारा पुलिस विभाग में कान्स0 के पद पर नियुक्ति हेतु अपेक्षित हो। अश्व पालन/अनुरक्षण का प्रश्न पत्र अश्व के पालन/चिकित्सा आदि से सम्बन्धित होगा। प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था तथा मूल्याकंन पुलिस मुख्यालय स्तर पर निमित्त गठित चयन समिति के माध्यम से कराई जायेगी। प्रश्न पत्र/उत्तर पुस्तिकायें इस प्रकार से तैयार कराई जायेगी कि इनका मूल्यांकन कम्प्यूटर से कराया जा सके। इसके अतिरिक्तघुडसवार की परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु घुडसवार पुलिस के किसी प्रभारी की सहायता प्राप्त की जा सकती है। चयन प्रक्रिया में आगे बने रहने हेतु लिखित परीक्षा के प्रत्येक भाग में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होंगे, जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित करने में विफल होगे, उन्हें पदोन्नति के लिए अयोग्य घोषित करते हुए उसी स्तर(Stage) पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा। लिखित परीक्षा में प्रत्येक भाग में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी ही बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होगे।

(ख)वाह्य परीक्षा:–वाह्य परीक्षा निम्न प्रकार करायी जायेगी:–

(1) जम्प– 4 बार
(ख) टैण्ट पैंगिग– 4 बार

प्रत्येक अभ्यर्थियों को चार जम्प करायी जायेगी जिसमें कम से कम दो जम्पों में सफल होना आवश्यक है इसी प्रकार अभ्यर्थियों का चार टैण्ट पैंगिंग करनी होगी। उपरोक्तानुसार सफल अभ्यर्थियों के सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन इस निमित्त समिति के माध्यम से कराया जायेगा, जो बाह्य परीक्षा सफल करने में विफल होगे, उन्हें पदोन्नति के लिए अयोग्य घोषित करते हुए उसी स्तर पर चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा।

(ग) सेवा अभिलेखों का परीक्षण:– सेवा अभिलेखों पर आधारित अधिकतम अंक 50 होंगे जिनका निर्धारण/मानक निम्न प्रकार किया जायेगा:–

(1) कोर्स (10 अंक अधिकतम)

(क) 03 दिन से 07 दिन का कोर्स —02 अंक

(ख) 08 दिन से 14 दिन का कोर्स —04 अंक
(ग) 15 दिन से 30 दिन का कोर्स —06 अंक
(घ) 01 माह से अधिक का कोर्स —08 अंक

(बेसिक एवं रिफ्रेशर कोर्स की गणना नही की जायेगी)

(i)बेसिक कोर्स के अंतर्गत निम्न कोर्स रखे जायेगें—

1—कानि0 का आधारभूत प्रशिक्षण।

2— ड्राईवर कोर्स, बम डिस्पोजल कोर्स, आरमोरर कोर्स, बिगुलर कोर्स, शैडो—गनर कोर्स, आईटीआई—पीटीआई कोर्स, घुड़सवार पुलिस कोर्स, यातायात पुलिस कोर्स, कुम्भ मेला प्रशिक्षण, सीसीटीएनएस कोर्स, आपदा कोर्स।

3— उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी ऐसे कोर्स/प्रशिक्षण, जो किसी पद पर नियुक्ति हेतु किये जाने के लिए अनिवार्य हो।

(ii)किसी तकनीकी पद जैसे— बम डिस्पोजल स्क्वॉयड/ आरमोरर/बिगुलर/चालक पद पर चयन/नियुक्त होने के उपरांत सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा किये गये उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के अंक प्रशिक्षण अवधि के अनुसार प्रदान किये जायेगें।

(2)पुरस्कार/पदक—(अधिकतम—25 अंक)

(क)प्रत्येक नगद पारितोषिक के लिए— 01 अंक(अधिकतम 10 अंक)

(ख)महामहिम राष्ट्रपति पुलिस पदक —10 अंक
मा0 प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक —10 अंक
वीरता पुलिस पदक —10 अंक
सराहनीय सेवा पुलिस पदक —08 अंक
महामहिम राज्यपाल पदक —06 अंक
मा0 मुख्यमंत्री पदक —06 अंक
उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह —04 अंक
सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह —02 अंक

(3)वार्षिक मन्तव्य (अधिकतम 15 अंक)

(क)उत्कृष्ट श्रेणी/सर्वोत्कृष्टOut Standing-02 अंक (प्रत्येक मन्तव्य पर)

(ख) अतिउत्तम/बहुत अच्छा Very good/Excellent—01 अंक (प्रत्येक मन्तव्य पर)

(4) ऋणात्मक अंक

(1) विगत 05 वर्षो से पूर्व के सेवाकाल के दौरान प्रतिकूल सत्यनिष्ठा पर प्रत्येक सत्यनिष्ठा के लिये 05 अंक की कटौती होगी।

(2) विगत 05 वर्ष से पूर्व 05 वर्ष के प्रत्येक वर्ष के प्रतिकूल वार्षिक मंतव्य पर 02 अंक की कटौती की जायेगी ।

(3) विगत 05 वर्षो से पूर्व के प्रत्येक दीर्घ दण्ड पर 05 अंक की कटौती होगी।

(4) विगत 05 वर्ष से पूर्व के प्रत्येक लघु दण्ड पर 02 अंक की कटौती होगी।

(5) विगत 05 वर्ष से पूर्व के प्रत्येक छुद्र दण्ड पर 01 अंक की कटौती होगी।

सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन में वार्षिक गोपनीय मन्तव्य विगत 10 वर्षों के आंकलित होंगे तथा दण्ड का आंकलन विगत 10 वर्षों का किया जायेगा, जबकि सेवा, शिक्षा, प्रशिक्षण, पुरस्कार, पदक आदि के लिए चयन वर्ष की प्रथम जुलाई तक की अवधि के आधार पर सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन किया जायेगा।

परिशिष्ट—3
नियम—8(2)(5) देखें

(क) उपनिरीक्षक, घुडसवार के पद पर पदोन्नति हेतु लिखित परीक्षा के विषय एवं अंकों का निर्धारण निम्नवत होगा:—

1— सामान्य ज्ञान व हिन्दी—30 अंक

2— वेटर्नरी परीक्षा—30 अंक

लिखित परीक्षा बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसमें 30 अंक सामान्य ज्ञान व सामान्य हिन्दी एवं 30 अंक वेटर्नरी से सम्बन्धित होगे। इसमें 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ही बाह्य परीक्षा (राइडिंग, जम्प, ट्रेप ड्रिल, सोर्ड एण्ड लैन्स) में सम्मिलित किया जायेगा। लिखित परीक्षा केवल छंटनी के लिए होगी व इसके अंक वरीयता अथवा चयन हेतु मान्य नहीं होगे।

(ख)बाह्य परीक्षा:—बाह्य परीक्षा 140 अंको की होगी। अंको का विभाजन निम्नानुसार किया जायेगा। उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा:—

1— राईडिंग स्कूल—35 अंक

2— जम्प —35 अंक

3— ट्रेप ड्रिल—35 अंक

4—सोर्ड एण्ड लैन्स—35 अंक

(ग)सेवा अभिलेखों का परीक्षण:—सेवा अभिलेखों पर आधारित अधिकतम अंक 50 होंगे जिनका निर्धारण/मानक निम्न प्रकार किया जायेगा:—

(1)कोर्स (10 अंक अधिकतम)

(क) 03 दिन से 07 दिन का कोर्स —02 अंक

(ख) 08 दिन से 14 दिन का कोर्स —04 अंक

(ग) 15 दिन से 30 दिन का कोर्स —06 अंक

(घ)01 माह से अधिक का कोर्स —08 अंक

(बेसिक एवं रिफ्रेशर कोर्स की गणना नही की जायेगी)

(i)बेसिक कोर्स के अंतर्गत निम्न कोर्स रखे जायेगें—

1—कानि0 का आधारभूत प्रशिक्षण।

2— ड्राईवर कोर्स, बम डिस्पोजल कोर्स, आरमोरर कोर्स, बिगुलर कोर्स, शैडो—गनर कोर्स, आईटीआई—पीटीआई कोर्स, घुड़सवार पुलिस कोर्स, यातायात पुलिस कोर्स, कुम्भ मेला प्रशिक्षण, सीसीटीएनएस कोर्स, आपदा कोर्स।

3— उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी ऐसे कोर्स/प्रशिक्षण, जो किसी पद पर नियुक्ति हेतु किये जाने के लिए अनिवार्य हो।

(ii)किसी तकनीकी पद जैसे— बम डिस्पोजल स्क्वॉयड/ आरमोरर/बिगुलर/चालक पद पर चयन/नियुक्त होने के उपरांत सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा किये गये उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के अंक प्रशिक्षण अवधि के अनुसार प्रदान किये जायेगें।

(2)पुरस्कार / पदक–(अधिकतम–25 अंक)

(क)प्रत्येक नगद पारितोषिक के लिए– 01 अंक(अधिकतम 10 अंक)

(ख)महामहिम राष्ट्रपति पुलिस पदक	–10 अंक
मा0 प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक	–10 अंक
वीरता पुलिस पदक	–10 अंक
सराहनीय सेवा पुलिस पदक	–08 अंक
महामहिम राज्यपाल पदक	–06 अंक
मा0 मुख्यमंत्री पदक	–06 अंक
उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह	–04 अंक
सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह	–02 अंक

(3)वार्षिक मन्तव्य (अधिकतम 15 अंक)

(क)उत्कृष्ट श्रेणी / सर्वोत्कृष्टOut Standing-02 अंक (प्रत्येक मन्तव्य पर)

(ख) अतिउत्तम / बहुत अच्छा Very good/Excellent–01 अंक (प्रत्येक मन्तव्य पर)

(4) ऋणात्मक अंक

(1) विगत 05 वर्षो से पूर्व के सेवाकाल के दौरान प्रतिकूल सत्यनिष्ठा पर प्रत्येक सत्यनिष्ठा के लिये 05 अंक की कटौती होगी।

(2) विगत 05 वर्ष से पूर्व 05 वर्ष के प्रत्येक वर्ष के प्रतिकूल वार्षिक मंतव्य पर 02 अंक की कटौती की जायेगी ।

(3) विगत 05 वर्षो से पूर्व के प्रत्येक दीर्घ दण्ड पर 05 अंक की कटौती होगी।

(4) विगत 05 वर्ष से पूर्व के प्रत्येक लघु दण्ड पर 02 अंक की कटौती होगी।

(5) विगत 05 वर्ष से पूर्व के प्रत्येक छुद्र दण्ड पर 01 अंक की कटौती होगी।

सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन में वार्षिक गोपनीय मन्तव्य विगत 10 वर्षो के आंकलित होंगे तथा दण्ड का आंकलन विगत 10 वर्षो का किया जायेगा, जबकि सेवा, शिक्षा, प्रशिक्षण, पुरस्कार, पदक आदि के लिए चयन वर्ष की प्रथम जुलाई तक की अवधि के आधार पर सेवा अभिलेखों का मूल्यांकन किया जायेगा।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 1212/XX-7/2018/01(67)/2016,** dated September 25, 2018 for general information :

NOTIFICATION

September 25, 2018

No. 1212/XX-7/2018/01(67)/2016--In exercise of the powers conferred by Section 87 of the Uttarakhand Police Act 2007 (Act No. 1 of 2008) and all other powers enabling him in this behalf and in supersession of all existing rules in this behalf, the Governor is pleased to make the following rules for the selection, promotion, training, appointment, determination of seniority and confirmation of the Constable Mounted Police, Head Constable Mounted Police and Sub Inspector Mounted Police:-

UTTARAKHAND MOUNTED POLICE SERVICE RULES, 2018

Part I: General

Short title and commencement

1.(1) These rules may be called The Uttarakhand Mounted Police Service Rules, 2018.

(2) It shall come into force at once.

Status of service

2. The Uttarakhand Mounted Police Service is a Subordinate State service, comprising Group –C posts.

Definitions

3. In these rules unless there is anything repugnant in the subject or context:

(a) **"Appointing Authority"** means the Superintendent of Police Concerned regarding to the Constable Mounted Police and Head Constable Mounted Police and Inspector General/Deputy Inspector General regarding to the Sub-Inspector.

(b) **"Constitution"** means the Constitution of India;

(c) **"Citizen of India"** means a person who is or is deemed to be a citizen of India under PartII of the Constitution;

(d) **"Governor"** means the Governor of Uttarakhand;

(e) **"Government"** means the State Government of Uttarakhand;

(f) **"The Head of Department"** means the Director General of Police, Uttarakhand;

(g) **"Member of service"** means a person substantively appointed under these rules or orders in force prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the service;

(h) **"Mounted Police"** means the Horse Rider Police of Uttarakhand;

(i) **"Police Headquarters"** means the Office of the Director General of Police, Uttarakhand

(j) **"Service"** means the Uttarakhand Police Constable, Head Constable and Sub Inspector mounted police Service;

(k) **"Substantive appointment"** means an appointment, not being an ad hoc appointment, on a post in the Cadre of the service and made after selection in accordance with the rules and, if there were no rules, in accordance, with the procedure prescribed for the time being by executive instruction issued by the Government; and

(l) **"Year of recruitment"** means a period of twelve months commencing on the 1st day of July of the calendar year;

Part II- Cadre

Cadre of service : 4 **(1)** The strength of the service and of each category of posts there in shall be such as maybe determined by the Government from time to time.

(2) The strength of the service and of each category of posts there in shall, until orders varying the same are passed under sub rule (1)as given in **Appendix-1.**

Provided that:-

(i) the State Government may re determine the number of posts for various units out of the total number of sanctioned posts.

(ii) the Appointing Authority may leave a vacant post unfilled or the Governor may keep in abeyance any vacant post to which no person shall entitle for any Compensation.

(iii) the Governor may create any such additional permanent or temporary post, as he may deem fit .

Part III- Recruitment

Source of Recruit-ment and qualifica-tions **5.** Recruitment to the various posts of the service shall be made from the following resources:.

(A) Constable MountedPolice : The 100 percent posts of Constable Mounted Police shall be filled through the selection amongst constables working in various branches of the Police Department by the Departmental Selection Committee, who fulfill the following conditions:-

(1) must have served for at least 05 years in the post of Constable and there must not have any adverse entry in service record.

(2) the maximum age of the Constable must not be more than 30 years.

(B)Head Constable Mounted Police:

(1) The selection to 50 percent of the total posts of Head Constable Mounted Police shall be made on the basis of seniority, subject to the rejection of unfit, from amongst the substantively appointed Constables Mounted Police, who have completed 05 years of service in Mounted Police by including the first day in the probation period.

(2) The selection to 50 percent from amongst the substantively appointed Constables of Mounted Police, who have completed 05 years of service in Mounted Police, through Advance Course Selection Examination.

(C) Sub-Inspector MountedPolice :

(1) The selection to 50 percent of the total posts of Sub-Inspector Mounted Police shall be made on the basis of seniority, subject to the rejection of

unfit, from amongst the substantively appointed Head Constables Mounted Police, who have completed 05 years of service in Mounted Police by including the first day in the probation period.

(2) The selection to 50% from amongst the substantively appointed Head constables of mounted Police, who have completed 05 years of service in Mounted Police on the first day of recruitment year including the probation period through examination on basis of qualification by promotion.

Note: Only those candidates who have passed the qualifying test shall be considered for promotion to the post of Sub-Inspector Mounted Police.

Part IV- Procedure of Recruitment

Qualifications for the post of Constable, Mounted Police

6. For appointment to the post of Constable Mounted Police, the Constable who fulfill the following qualifications shall be called by the selection committee:-

(A) The constable must be willing to join Mounted Police.

(B) The constable is not infected by any kind of disease at the time of selection for which have to produce the fitness certificate of the doctor.

(C) The Constable must have served for atleast 05 years on the post of Constable and there must be no adverse entry in the service record.

(D) The maximum age of the Constable must not be more than 30 years.

(E) The selected candidates shall undergo a training prescribed by the department and the Constable unsuccessful in exam shall be reverted to their original unit.

The committee for selection to Constable Mounted Police

7. The post of Constable Mounted Police in the department shall be filled from amongst the Constable appointed in various branches of police willing to be join as Mounted Police

The Selection committee shall be constituted as under:

(A) Senior Superintendent of Police/Superintendent of Police -Chairman

(B) Additional Superintendent of Police -Member

(C) Deputy Superintendent of Police -Member

The above committee shall consist of atleast one officer from the scheduled castes, scheduled tribes or any other backward classes.

The abovesaid selection committee shall provide final list of candidates with its approval to Police Headquarters on which the approval from the D.G.Police/ I.G.Police shall be acquired and thereafter the appointing letter shall be issued.

The procedure of promotion on the post of Head Constable Mounted Police

8\. **(1) The process of promotion to the post of Head Constable Mounted Police**:- The 50 percent of the total posts sanctioned for Head Constable Mounted Police shall be promoted on the basis of seniority subject to the rejection of unfit in accordance with the Government orders, and the remaining 50 percent from amongst the Constable Mounted Police on passing the "Promotion advance course selection exam":-

(I) Constable Mounted Police who fulfill the following eligibility conditions shall be eligible to appear in departmental test for Advance Course:-

(A) Age - The age on the first day of recruitment year must have not been more than 45 years.

(B) Experience - must have completed 05 years service as Constable Mounted Police on the 01st day recruitment year.

